एचएलएल के अधिकारियों और कर्मचारियों के शक्तियाँ एवं कर्तव्य

कंपनी के अधिकारियों की शक्तियाँ संगठन के सभी स्तरों पर अच्छी तरह से परिभाषित हैं। इसके अधिकारियों और कामगारों को समय-समय पर कर्तव्य सौंपे जाते हैं, जो कंपनी के समझौता ज्ञापन में विनिर्दिष्ट उद्देश्यों के अनुरूप होते हैं। कंपनी के कर्मचारियों के शक्तियाँ और कर्तव्य कंपनी द्वारा प्रतिपादित नौकरी के विवरण, नियमावली, नियुक्तियों के निबंधन एवं शर्तों और शक्तियों के प्रत्यायोजन से प्राप्त होते हैं।

कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, कार्यात्मक निदेशक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष/कार्यकारी निदेशक, महा प्रबंधक/सह उपाध्यक्ष, कार्यात्मक प्रमुखों और विभाग/समूह प्रमुखों को उनके उत्तरदायित्वों के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए सशक्त बनाने की ओर शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं। दायित्वों के अनुरूप कार्य करता है। इन शक्तियों को संगठनात्मक अपेक्षाओं के आधार पर और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) और प्रशासनिक मंत्रालय यानी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर संशोधित किया जाता है। मौजूदा शक्तियों का प्रत्यायोजन 2012 में संशोधित किया गया था। निदेशक मंडल और उसकी उप समितियों के लिए भी शक्तियां आरक्षित की गई हैं।

कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए, कर्मचारी कंपनी अधिनियम और अन्य लागू संविधियों, नियमों एवं विनियमों के प्रावधानों का पालन कर रहे हैं।